उदयपुर के सराड़ा उपखंड में कृषि उपज मंडी की शीघ्र घोषणा होगी

चर्चा में क्यों?

17 फरवरी, 2023 को राजस्थान के कृषि विपणन राज्य मंत्री मुरारी लाल मीणा ने विधानसभा में कहा कि राज्य में मंडी निर्माण के द्वितीय चरण में उदयपुर ज़िले के सराड़ा उपखंड में कृषि उपज मंडी बनाने की घोषणा कर दी जाएगी। साथ ही चावंड में भी भूमि प्राप्त होते ही गौण मंडी बनवा दी जायेगी।

प्रमुख बिंदु

- राज्य मंत्री मुरारी लाल मीणा प्रश्नकाल के दौरान इस संबंध में सदस्यों द्वारा पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गत 4 वर्षों में राज्य में 88 मंडियाँ घोषित की गई थीं, लेकिन बीच में नए कानून बनने के बाद प्रक्रिया धीमी हो गई थी।
- अब विभाग द्वारा चरणबद्ध तरीके से प्रथम चरण में 50 मंडियों पर काम किया जा रहा है तथा द्वितीय चरण में 38 कृषि उपज मंडी की घोषणा होगी और इस चरण में ही सराड़ा में भी आमदनी तथा क्षेत्रफल देखते हुए कृषि उपज मंडी बनाने की घोषणा की जाएगी।
- उन्होंने बताया कि चावंड गौण मंडी वर्ष 1979 में घोषित की गई थी। इसकी ज़मीन अब तक आवंटित नहीं हुई है, जो प्रक्रियारत् है। उन्होंने कहा कि भूमि प्राप्त होते ही चावंड में भी गौण मंडी बनवा दी जाएगी।
- इससे पहले कृषि विपणन राज्य मंत्री ने विधायक अमृतलाल मीणा के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में बताया कि विधानसभा क्षेत्र सलुम्बर के उपखंड सराड़ा में कृषि उपज मंडी की घोषणा बजट वर्ष 2020-21 में नहीं की गई थी। यद्यपि बजट वर्ष 2020-21 में गौण मंडी सलूम्बर को स्वतंत्र मंडी बनाने की घोषणा की है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/agricultural-produce-market-will-be-announced-soon-in-sarada-subdivision-of-udaipur